एसपी की बड़ी कार्रवाई

21 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। जिले में अपराधों पर नियंत्रण एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी सूरज कुमार वर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 फरार आरोपियों पर कुल 79 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। एसपी द्वारा जारी आदेश के बाद अपराधियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

सही सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम : एसपी सूरज कुमार वर्मा ने बताया कि जो भी व्यक्ति इन अपराधियों को पकड़वाने, गिरफ्तारी में सहयोग करने अथवा उनकी सही सूचना पुलिस को देगा, उसे आरोपी के नाम के सामने घोषित इनामी राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही यदि आरोपी गिरफ्तारी का विरोध करते हैं तो विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को भी पुरस्कृत किया जाएगा। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय एसपी भिंडका ही मान्य होगा।

एसपीद्वारा निम्न आरोपियों पर तीन-तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है : अभिषेक बाथम पुत्र गुड्डू उर्फ कमल बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, अज्जू उर्फ अजय पुत्र गुड्डू उर्फ कमल बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, अशोक पुत्र नारायण बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, सूरज पुत्र हेतराम बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, शिवम पुत्र अशोक शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, विजय बाथम पुत्र नीलू बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, बल्लू बाथम पुत्र मुन्नालाल बाथम निवासी वार्ड क्रमांक 2 गोहद, गोलू यादव पुत्र भूरा यादव निवासी बाबा कपूर की गली गोहद, हनुमंत शर्मा पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी कचनाव खुर्द थाना गोरमी. अभिषेक उर्फ बिट्टू पुत्र गिरजाशंकर दुबे निवासी बरहद थाना मेहगांव, शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी बगियापुरा कोषड़ थाना सुरपुरा, पुष्पा देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह निवासी बगियापुरा कोषड़ थाना सुरपुरा, रूबी भदौरिया पत्नी दीपेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी बगियापुरा कोषड़ थाना सुरपुरा।

इन आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित : अनिल तोमर पुत्र महेश उर्फ पप्पू तोमर निवासी ग्राम छीमका गोहद चौराहा, सोनू सिकरवार पुत्र धर्मसिंह सिकरवार निवासी ग्राम छीमका गोहद चौराहा, राजू भदौरिया पुत्र गोवर्धन सिंह भदौरिया निवासी वार्ड क्रमांक 18 स्टेशन रोड गोहद चौराहा, रिमसा पत्नी आरिफ खान निवासी डिराउटी थाना कोंच जिला जालौन (उ.प्र.), शिवम जाटव पुत्र श्रीकृष्ण जाटव निवासी भगत सिंह की गढ़िया उमरी, जबर सिंह पुत्र श्रीकृष्ण जाटव निवासी भगत सिंह की गढ़िया उमरी, श्रीकृष्ण जाटव पुत्र स्वर्गीय गेंदालाल जाटव निवासी भगत सिंह की गढ़िया उमरी जिला भिंड, अतुल जाटव पुत्र श्रीकृष्ण जाटव निवासी भगत सिंह की गढ़िया उमरी जिला भिंड।

नवागत एसपी की सख्ती से अपराधियों में खौफ

नवागत एसपी सूरज कुमार वर्मा के कार्यभार संभालने के बाद लगातार अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किए जाने के बाद अपराधियों में भय का माहौल देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

हनुमान धाम बैदीपुरा में 28 मई को होगा आध्यात्मिक कविसम्मेलन

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। जिले के निकटवर्ती ग्राम बैदीपुरा स्थित हनुमान धाम के भव्य मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह समारोह के अंतर्गत 28 मई 2026, गुरुवार को एक भव्य आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सायंकाल 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा।

कार्यक्रम पूज्य श्रीश्री 1008 महंत हरिओम दास महाराज (ऋषिकेश वाले) के परम सानिध्य में संपन्न होगा। वहीं श्रीमद्भागवत कथा की कथा व्यास डॉ. मंजुलता शास्त्री (अयोध्या धाम) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल से परिपूर्ण इस कवि सम्मेलन का संचालन संगमन साहित्य सभा भिण्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कवि अंजुम मनोहर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न कवियों द्वारा भक्ति, संस्कृति, राष्ट्रभावना और आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत काव्यपाठ प्रस्तुत किया जाएगा। कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से कवि प्रदीप वाजपेयी 'युवराज', डॉ. शशिबाला राजपूत, सबल सिंह नरवरिया, सत्यदेव नरवरिया, फूल सिंह नरवरिया एवं बृजेन्द्र सिंह विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं साहित्य प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। आयोजकों के अनुसार यह कवि सम्मेलन आध्यात्मिकता और साहित्य का अनूठा संगम होगा, जिसमें भक्तिरस और काव्यरस की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आग्रह

नेहरू एवं रमाबाई की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 27 मई। आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय मेहगांव में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरलाल नेहरू तथा रमाबाई अंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र निगम ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचारों एवं देश निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को नेहरू जी के आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने माता रमाबाई अंबेडकर के त्याग, संघर्ष एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में माधव सिंह अर्गल, इलियास खान एडवोकेट, बदन सिंह राठौर नगर अध्यक्ष मेहगांव, पंचम सिंह हिंडोलिया, अशोक सिंह अर्गल, रामप्रकाश पाठक, कुंदन सिंह चौरसिया, राकेश इदौरिया, शिव सिंह पाठक, लाल सिंह कोहार, बीरेन्द्र राठौर सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

80 वर्ष पुराना 'महाते का तालाब' जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। ग्रामीण क्षेत्र में आस्था, पर्यावरण और जल संरक्षण का प्रतीक माना जाने वाला लगभग 80 वर्ष पुराना ऐतिहासिक 'महाते का तालाब' आज उपेक्षा और बदहाल स्थिति का शिकार बना हुआ है। करीब 9 बीघा क्षेत्र में फैला यह विशाल तालाब प्रशासनिक अनदेखी और संरक्षण के अभाव में धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है।

ग्रामीणों ने उठाई संरक्षण की मांग

धार्मिक दृष्टि से भी यह तालाब क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र माना जाता है। तालाब के चारों ओर स्थित प्राचीन श्रीहर उमेश्वर महादेव मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर तथा ताल वाले हनुमान जी मंदिर यहां की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाते हैं। इन देवस्थानों के बीच स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन तालाब की वर्तमान स्थिति लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है। वर्तमान में तालाब पूरी तरह जलकुंभी से ढका हुआ है। जलकुंभी के अत्यधिक फैलाव से पानी प्रदूषित हो रहा है और जलीय जीव-जंतुओं का जीवन संकट में पड़ गया है। सूर्य की रोशनी पानी की सतह तक नहीं पहुंच पाने से तालाब का प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि इतना बड़ा जलस्रोत होने के बावजूद उचित गहराई और समय-समय पर सफाई न होने के कारण गर्मी के मौसम में तालाब लगभग सूख जाता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों के भूजल स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूर्व सरपंच हरगोविंद सिंह यादव उर्फ शेर सिंह यादव ने तालाब की बदहाली पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से शीघ्र जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह तालाब क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर और धार्मिक आस्था का केंद्र है। यदि समय रहते इसका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां इस जलस्रोत को केवल इतिहास और कहानियों में ही देख पाएंगी।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सबसे पहले मशीनों के माध्यम से तालाब से जलकुंभी की पूर्ण सफाई कराई जाए, इसके बाद तालाब का गहरीकरण किया जाए ताकि वर्षभर जल संरक्षण संभव हो सके। साथ ही तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण, घाटों की मरम्मत एवं बैठने की व्यवस्था भी विकसित की जाए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस प्राचीन तालाब को बचाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि यह ऐतिहासिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

जिला प्रशासन की देखरेख में बालिका को मिला नया परिवार

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। जिले में माह अक्टूबर 2025 में लावारिस अवस्था में मिली एक बालिका को जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण में उपचार उपरांत सेवा भारती मातृछाया में प्रवेश दिया गया था। अब वैधानिक दत्तकग्रहण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बालिका को पुणे निवासी दंपति को सौंप दिया गया।

वैधानिक दत्तकग्रहण प्रक्रिया के तहत पुणे निवासी दंपति को सौंपा गया दत्तक ग्रहण आदेश

साक्षात्कार के बाद जारी हुआ अंतिम दत्तकग्रहण आदेश : प्री-एडॉप्शन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अपर जिला मजिस्ट्रेट एलके पांडे के निर्देशन में संभावित माता-पिता को लगभग दो माह बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। साक्षात्कार के दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दंपति से चर्चा कर बालिका की देखभाल, स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं उसके विकास संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। बालिका के प्रति दंपति के स्नेह, आत्मीयता एवं जिम्मेदारी को देखकर प्रशासन संतुष्ट हुआ, जिसके बाद अंतिम दत्तकग्रहण आदेश जारी किया गया। आदेश सौंपते समय अपर कलेक्टर द्वारा दंपति को शुभकामनाएं देते हुए जिला प्रशासन की ओर से 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। साथ ही आशा व्यक्त की गई कि दंपति बालिका के उचित पालन-पोषण एवं संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

वर्षों के इंतजार के बाद पूरी हुई दंपति की खुशी

दत्तकग्रहण प्रक्रिया के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर, बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना एवं सेवा भारती मातृछाया के सचिव संतोष गुप्ता उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर ने बताया कि दत्तकग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया केवल सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के माध्यम से ही की जानी चाहिए और किसी अन्य माध्यम से दत्तकग्रहण नहीं करना चाहिए। बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि संभावित माता-पिता ने वर्ष 2022 में दत्तकग्रहण हेतु पंजीयन कराया था। वर्ष 2026 में उनकी वेटिंग क्लियर होने के बाद यह प्रक्रिया पूर्ण हो सकी। उन्होंने बताया कि अंतिम दत्तकग्रहण आदेश मिलने पर दंपति बेहद भावुक हो गए और उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। वर्षों के धैर्य और प्रतीक्षा के बाद उन्हें अपनी बेटी मिली, जिससे पूरा परिवार अत्यंत खुश है।

जलभराव से राहत दिलाने नाला निर्माण कार्य तेज

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। नगर परिषद मालनपुर क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद द्वारा नाला निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मालनपुर 719 हाईवे पर दुकानों के सामने बने पुराने नाले पंचायत काल के समय निर्मित थे, जो समय के साथ पूरी तरह जर्जर, चोक और कई स्थानों पर टूट चुके थे। इसके कारण हल्की बारिश में भी सड़क और बाजार क्षेत्र में पानी भर जाता था, जिससे आमजन, व्यापारियों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

1300 मीटर लंबे नाले का निर्माण शुरू

नगर परिषद बनने के बाद अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए व्यापक स्तर पर नाला निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जानकारी के अनुसार एसबीआई बैंक से मनहर होटल तक लगभग 1300 मीटर लंबे बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य बारिश के पानी की सुचारु निकासी सुनिश्चित करना और नगर क्षेत्र को जलभराव की समस्या से मुक्त करना है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से व्यापार प्रभावित होता था और ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ती थी। कई बार पानी दुकानों तक पहुंच जाता था, जिससे आर्थिक नुकसान भी होता था।

नाला निर्माण शुरू होने से राहत की उम्मीद

नाला निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) रिहान अली जैदी ने बताया कि नगर के जिन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर नाला निर्माण एवं सफाई कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए नाले के निर्माण से पानी की निकासी बेहतर होगी और बरसात के दौरान लोगों को काफी राहत मिलेगी। हालांकि निर्माण कार्य के चलते फिलहाल कुछ स्थानों पर आवाजाही प्रभावित हो रही है, लेकिन नगर परिषद का कहना है कि यह अस्थायी परेशानी है और स्थायी समाधान के लिए यह कार्य आवश्यक है। नगरवासियों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मालनपुर क्षेत्र में बरसात के समय सड़कों पर जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 27 मई। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण कांग्रेस जिला संगठन महासचिव महेश जाटव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और विकास की मजबूत नींव प्रदान की। उन्होंने शिक्षा, उद्योग, कृषि एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नेहरू के आदर्शों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। विधानसभा प्रभारी भिंड अरविंद यादव हैबतपुरा ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित नेहरू ने देश को मजबूत लोकतांत्रिक दिशा देने का कार्य किया। वे सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और विकास की राजनीति के समर्थक थे। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का संदेश देते हैं।

देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया

ाद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के बताए मार्ग पर चलने एवं देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह श्रद्धा एवं सम्मान से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप गोयल, राजेन्द्र यादव, विवेक जामोर, डॉ. अमर सिंह विजय, सोनू बौद्ध, अमित खन्ना, केशव सुमन, डॉ. महेश सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

48 घंटे में लूट का खुलासा

पोहरी-सिरसौद पुलिस ने दबोचे बदमाश

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 27 मई। जिले की पोहरी एवं सिरसौद थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट की दो सनसनीखेज वारदातों का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 2 लाख 60 हजार रुपए कीमत का मशरूका, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 को थाना सिरसौद क्षेत्र के ग्राम खोखरा निवासी लवकेश जाटव अपनी बहन के साथ घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तीन बदमाशों ने उनसे मोबाइल, सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी लूट ली। वहीं 25 मई को थाना पोहरी क्षेत्र में जनक आदिवासी एवं उनकी पत्नी के साथ भी लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी आनंद राय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी पोहरी निरीक्षक रवि चौहान एवं थाना प्रभारी सिरसौद उपनिरीक्षक मुकेश दुबेलिया ने मुखबिर तंत्र, साइबर सेल एवं सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीतेश बैरागी, विशाल बैरागी, देव उर्फ देवेंद्र यादव, छोटू यादव एवं पहलवान यादव को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वीवो एवं मोटोरोला कंपनी के मोबाइल, चांदी की करधौनी, मंगलसूत्र, टॉप्स, नगदी राशि, लाल रंग की टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल तथा 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पोहरी की घटना से करीब 1.95 लाख रुपए एवं सिरसौद की घटना से करीब 65 हजार रुपए का मशरूका बरामद हुआ है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में पोहरी एवं सिरसौद थाना पुलिस के साथ साइबर सेल शिवपुरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।